भर्ती कक्ष, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय
113/1, जीवन प्रकाश बिल्डिंग, जे सी रोड, बेंगलूर - 560 002
ईमेल / E-mail: horecruitment@canarabank.com www.canarabank.com

सीबी / आरपी / 3 / 2016

वरिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड वेतनमान IV में 'अर्थशास्त्री' की नियुक्ति

भारतभर में अपनी 5900 से अधिक शाखाओं की उपस्थिति के साथ **केनरा बैंक** एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक है, जो **'वरिष्ठ प्रबन्धन ग्रेड वेतनमान IV में 'अर्थशास्त्री' [पदों की संख्या - 1 - अनारक्षित]** की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

यह दिनांक 30.04.2016 को हमारी वेबसाइट में, दिनांक 11.05.2016 को टाइम्स ऑफ इंडिया (टाइम्स असेन्ट) और एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोजगार समाचार के 14-20 मई 2016 के अंक में नियमित आधार पर एसएमजी वेतनमान IV में एक 'अर्थशास्त्री' की नियुक्तिके संबंध में प्रकाशित हमारे विज्ञापन के संदर्भ में है। उम्मीदवार जिन्होंने उक्त पद के लिए पहले आवेदन प्रस्तुत किया था, उक्त पद के लिए पहले निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं थे। अब पात्रता मानदंडों से संबंधित मानकों को संशोधित किया गया है तथा पात्र उम्मीदवारों से संशोधित मानदंडों के अधार पर आवेदन आमंत्रित करता है। कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवार जिन्होंने पहले आवेदन प्रस्तुत किया था, संबंधित पद के लिए संशोधित पात्रता मानदंडों के आधार उनके आवेदन पर विचार हेतु, फिर से आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

कृपया इस विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और शुल्क भुगतान करने / आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित करें।

महत्त्वपूर्ण तिथियाँ	
क्या करें	**तिथि**
आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार के भुगतान आरंभ होने की तिथि	15.02.2017
आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार के भुगतान हेतु अंतिम तिथि	04.03.2017
भौतिक आवेदन प्राप्ति होने की अंतिम तिथि	10.03.2017 (सायं 5 बजे से पहले)

1) पदों की संख्या: **एक (01) – [अनारक्षित]**

2) पात्रता मानदंड व अन्य विवरण:

सभी पात्रता (आयु, योग्यता, अनुभव आदि) 01.10.2016 (सहित) को प्रगणित की जायेगी।

आयु	अधिकतम: 40 वर्ष (आरक्षित वर्गों हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा)
शैक्षणिक योग्यता	भारतीय या प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री। संस्था सरकारी निकाय / एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त होनी चाहिए। "2 वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के माध्यम से एमबीए / एमएमएस / पीजीडीबीए / पीजीपीएम / पीजीडीएम (अधिमानत: वित्त में)" जैसे अतिरिक्त योग्यता युक्त उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। **अन्य अनिवार्यताएं :** उम्मीदवारों का संचार और लेखन कौशल उत्कृष्ट होना चाहिए। एसटीएटीए, एसएएस व ईवीआईईडब्ल्यूएस जैसी अर्थमितीय पैकेजों पर अनुभव युक्त उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।
योग्यतोपरांत अनुभव	वित्तीय संस्थानों / बैंकों / रेटिंग एजेंसियों / एनालिटिक्स फर्म / प्रतिष्ठित ब्रोकरेज एजेंसियों के साथ अर्थशास्त्री या एनालिस्ट के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। (या) किसी भी विश्विद्यालय में आर्थिक शोधकर्ता के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव या वाणिज्यिक बैंक / वित्तीय संस्थान / क्रिसिल, सिबिल, आईसीआरए आदि जैसे कॉर्पोरेट संगठनों के आर्थिक शोध प्रभाग में न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव। उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनकी एनालिटिक्स, माक्रो इकनॉमिक फॉरकास्टिंग और एनालाइसिस की पृष्ठभूमि है। उद्योग, चैंबर और / या एनालिटिक्स फर्म के साथ अनुभव एक अतिरिक्त योग्यता होगी।
जॉब प्रोफाइल	➢ अर्थशास्त्री बैंक के उच्च प्रबन्धन तंत्र को सामरिक इनपुट्स उपलब्ध कराने हेतु जिम्मेदार होगा। ➢ अर्थशास्त्री को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आर्थिक व वित्तीय संकेतकों को विश्लेषित व मूल्यांकित करने की और विभिन्न बाजारों व आस्ति वर्गों पर उसके प्रभाव को मूल्यांकित करने की भी आवश्यकता होगी। ➢ वह गतिविधियों की विशिष्ट क्षेत्र पर और ऐसी गतिविधियों से संभावित रिटर्न पर बैंक द्वारा वहन किये गये लागत पर भी कार्य कर सकता है। ➢ बैंक की नीतियों के अनुसार समय-समय पर समनुदेशित कोई अन्य भूमिका व जिम्मेदारी।

परिवीक्षाधीन अवधि	चयनित उम्मीदवार एक वर्ष (12 माह की सक्रिय सेवा) की परिवीक्षाधीन अवधि पर होंगे जिसे उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर एक और वर्ष की अवधि के लिए विस्तारित किया जा सकता है।
चयन प्रक्रिया	निम्न अनुसार छंटनी व समूह चर्चा और / या व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर चयन प्रक्रिया प्रस्तावित है ; क. प्राप्त अवेदनों की छंटनी उम्मीदवार के शैक्षणिक ट्रैक रिकॉर्ड व उसकी उपयुक्तता के आधार पर होगी ; ख. केवल आवश्यक संख्या तक ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा ; ग. छंटनी किए गए उम्मीदवारों को समूह-चर्चा और / या साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होगा। यद्यपि, बैंक प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर चयन की कार्यप्रणाली निश्चित कर सकता है। समूह चर्चा और / या साक्षात्कार 100-100 अंकों के लिए आयोजित की जाएगी। तथापि, अंतिम चयन उम्मीदवार द्वारा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर ही होगा।

कंप्यूटर साक्षरता :

कम्प्यूटर सिस्टम का ऑपरेटिंग व कार्यसाधक ज्ञान अनिवार्य योग्यता है, जो उम्मीदवार को होने चाहिए अथवा उसे बैंक में कार्यग्रहण के 6 माह के भीतर अर्जित करनी होगी।

हिन्दी का ज्ञान :

उम्मीदवार के पास यदि हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान पहले से नहीं है तो उसे परिवीक्षाधीन अवधि पूरी होने से पहले यह ज्ञान प्राप्त कर लेना होगा।

3) वेतन व परिलब्धियाँ :

वेतनमान	वेतन व परिलब्धियाँ
एसएमजीएस - IV	₹ 50030 - 1460/4 – 55870 – 1650/2 - 59170

समय-समय पर प्रभावी नियमों के अनुसार और नियुक्ति के स्थान के आधार पर महंगाई भत्ता, एचआरए, सीसीए प्रदान किया जाएगा। चिकित्सा सुविधा, छुट्टी किराया रियायत, टर्मिनल लाभ और अतिरिक्त सुविधाएं प्रचलित नियमानुसार उपलब्ध होंगी।

4) ऊपरी आयु सीमा में छूट :

(i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 5 वर्ष

(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 3 वर्ष

(iii) नि:शक्त व्यक्ति 10 वर्ष

(iv) ऐसे सभी व्यक्तियों को जो 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर के अधिवासी रहे हैं - 5 वर्ष;

(v) 1984 के दंगों से पीडित व्यक्ति - 5 वर्ष।

(vi) भूतपूर्व सैनिक : ईसीओ / एसएससीओ सहित कमीशंड अधिकारी जिन्होंने 5 वर्ष की सेना सेवा की है तथा एसाइनमेंट पूरा होने के बाद सेवामुक्त हुए हैं अन्यथा जो पद से हटाए गये हैं या दुराचार के कारण डिस्चार्ज हुए है अथवा असक्षमता या सेना सेवा के लिये उपयुक्त शारीरिक अयोग्यता अथवा अवैधता के कारण हटाया गया है **-5** वर्ष

नोट :

क. अजा/अजजा/अपिव को ऊपरी आयु में छूट संचयी आधार पर सिर्फ एक ही श्रेणी के लिये दी जायेगी जिसके लिये प्वांइट सं. 4 (iii) से 4 (vi) तक में निर्दिष्ट अनुसार आयु छूट अनुमत है ।

ख. दिव्यांग जन (नि:शक्त व्यक्ति) (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 की धारा 33 के तहत ऐसे व्यक्ति आरक्षण हेतु पात्र होंगे जो न्यूनतम 40% अशक्तता (शारीरिक रूप से नि:शक्त, दृष्टि दिव्यांग व श्रवण दिव्यांग) से युक्त हो ।

ग. उक्त 4 (iv) के तहत आयु में छूट के पात्र व्यक्तियों को साक्षात्कार के समय कश्मीर डिवीजन के जिला मैजिस्ट्रेट से जिसके अधिकार क्षेत्र में वह साधारणत: निवास करता था या जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा पदनामित किसी अन्य प्राधिकारी से जारी यह अधिवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उम्मीदवार 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य की कश्मीर डिवीजन का साधारणत: अधिवासी रहा है ।

घ. 4(v) के तहत आयु छूट प्राप्त पात्र व्यक्ति को जिला मैजिस्ट्रेट से प्राप्त प्रमाणपत्र देना होगा कि वे 1984 के दंगों से प्रभावित व्यक्तियों के लिए पुन: स्थापना पैकेज के तहत छूट के लिए पात्र है, जो सरकार द्वारा अनुमोदित है और वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के संप्रेषण सं. 9/21/2006-आईआर दिनांक 27.07.2007 द्वारा संप्रेषित की गई है ।

5) राष्ट्रीयता / नागरिकता:

कोई भी उम्मीदवार (i) भारत का नागरिक हो या (ii) नेपाल की प्रजा हो या (iii) भूटान की प्रजा हो या (iv) तिब्बती शरणार्थी जो 01.01.1962 से पूर्व भारत में स्थाई रूप से बसने के इरादे से आया हो या (v) भारतीय मूल का कोई व्यक्ति जो कि पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों-केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तन्जानिया, जाम्बिया, मलावी, जाइरे, ईथियोपिया और वियतनाम से विस्थापित होकर, भारत में स्थाई रूप से बसने के इरादे से आया है बशर्ते कि उक्त (ii), (iii), (iv) या (v) के तहत, इन श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के संबंध में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया हुआ हो।

6) आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार (जो वापस नहीं होगा) :

वर्ग	आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (जो वापस नहीं होगा)
अ.जा. / अ.ज.जा. / पीडब्ल्यूडी	₹ 100/- [केवल सूचना प्रभार]
सभी अन्य	₹ 600/-

7) आवेदन शुल्क/सूचना प्रभारों के भुगतान की प्रक्रिया :

आवेदन हेतु इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार उपरोक्तानुसार भुगतान करना होगा।

आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार अप्रतिदेय हैं । अत: इनके भुगतान से पूर्व पद के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें ।

आवेदन शुल्क / सूचना प्रभार का भुगतान निम्नवत किये जा सकते हैं ;

क. केनरा बैंक की किसी भी शाखा में प्रत्यक्ष रूप से राशि को विप्रेषित करने के द्वारा ; या

ख. किसी भी अन्य बैंक में नेफ्ट के माध्यम से राशि के भुगतान द्वारा

शुल्क के भुगतान हेतु प्रक्रिया निम्नवत है;

क. केनरा बैंक की किसी भी शाखा में प्रत्यक्ष रूप से राशि को विप्रेषित करना

- हमारे वेबसाइट www.canarabank.com से भुगतान चालान का प्रिंट आउट लें । नाम, जन्म तिथि, संपर्क फोन संख्या, पद हेतु आवेदन, शुल्क राशि, जमाकर्ता शाखा का नाम व शहर आदि विवरण भरें ।
- केनरा बैंक की किसी भी शाखा में शुल्क भुगतान चालान व राशि प्रस्तुत करें ।
- शाखा से शुल्क भुगतान चालान की उम्मीदवार प्रति प्राप्त करें । कृपया यह जाँच लें कि चालान उचित रूप से हस्ताक्षरित है व **संव्यवहार श्रृंखला संख्या, शाखा का नाम व डीपी कूट संख्या, जमा तिथि** आदि विवरण शाखा अधिकारियों द्वारा चालान में नोट किये गये हैं ।

ख. नेफ्ट के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना :

❖ निम्न अनुसार लाभार्थी विवरण सहित बैंक द्वारा अपेक्षित अनुसार **नेफ्ट चालान** भरें ;
  - खाता का नाम : **CB/ RP / 3 / 2016 - ECONOMIST**
  - खाता संख्या : 8693201000029
  - आदाता बैंक : **केनरा बैंक, टाउन हॉल वेलफेयर सेंटर शाखा, बेंगलूर**
  - आईएफएस कूट : **CNRB0008693**
  - उद्धरण : **उम्मीदवार के नाम का उल्लेख करें**

- ❖ भुगतान करें
- ❖ नेफ्ट भुगतान रसीद प्राप्त करें। कृपया यह सुनिश्चित करें कि रसीद उचित रूप से हस्ताक्षरित है और **नेफ्ट यूटीआर संख्या, प्रेषण शाखा का आईएफएस कूट, विप्रेषणकर्ता शाखा का नाम, शहर, जमा तिथि, राशि आदि** विवरण शाखा अधिकारियों द्वारा चालान में नोट किये गये हैं। उम्मीदवार को नेफ्ट रसीद के पिछले भाग पर नाम, जन्म तिथि, आवेदित पद लिखना है।

आवेदन शुल्क 15.02.2017 से 04.03.2017 (दोनों दिनों सहित) के मध्य भुगतान किया जाना चाहिये। यदि किसी कारणवश आवेदन के प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि परिवर्तित होती है तो भी आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु वैध तिथि परिवर्तित नहीं होगी।

डिमांड ड्राफ्ट / चेक / मनी ऑर्डर / पोस्टल आदेश आदि द्वारा शुल्क का भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा और ऐसे आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।

8) चयन प्रक्रिया :

'अर्थशास्त्री' के पद की नियुक्ति हेतु चयन छंटनी, समूह-चर्चा और / या साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

बैंक को, पद हेतु योग्यता, अनुभव व उम्मीदवार की उपयुक्तता के आधार पर, अपेक्षित संख्या में छंटनी करने का अधिकार है और सिर्फ छंटनी किये गए उम्मीदवारों को ही बैंक द्वारा समूह-चर्चा और / या साक्षात्कार के लिये बुलाया जायेगा। छंटनी किये गए उम्मीदवारों को बुलावा पत्र में तिथि, समय, केन्द्र व स्थान का पता सूचित किया जाएगा और उम्मीदवारों को उक्त के लिए अपने खर्चे पर उपस्थित रहना होगा।

हालांकि, समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी स्थान के अ.जा. / अ.ज.जा. / पी.डब्ल्यू.डी श्रेणि के उम्मीदवारों को यात्रा का सबूत (ट्रेन / बस टिकिट आदि) प्रस्तुत करने पर निकटतम मार्ग से आने-जाने का ट्रेन / बस किराया या वास्तविक खर्च, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा। केन्द्र सरकार / राज्य सरकार की सेवा, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्थानीय सरकार, संस्थाओं व पंचायत आदि में सेवारत अ.जा. /अ.ज.जा. / पी.डब्ल्यू.डी श्रेणी के उम्मीदवारों को उक्त रियायत नहीं दिया जाएगा।

समूह-चर्चा और / या साक्षात्कार हेतु छंटनी किये गए उम्मीदवारों की सूची वेबसाइट में दी जाएगी। समूह-चर्चा और / या साक्षात्कार हेतु केन्द्र में परिवर्तन हेतु अनुरोध पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यद्यपि, बैंक के पास समूह-चर्चा और/या साक्षात्कार की तिथि, समय, केन्द्र, स्थान को परिवर्तित / संवर्धित / रद्द करने का और उम्मीदवारों को समूह-चर्चा और/या साक्षात्कार हेतु किसी अन्य केन्द्र पर बुलाने का या आक्स्मिक परिस्थितियों के तहत अपने विवेकाधिकार पर विशिष्ट तिथि / सत्र / स्थान / केन्द्र / उम्मीदवारों के समूह में अनुपूरक चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार प्राप्त होगा।

समूह-चर्चा और/या साक्षात्कार 100 अंकों का होगा। यदि समूह-चर्चा का आयोजन होता है तो, उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु पात्र होने के लिये बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करना चाहिये। यद्यपि, अंतिम चयन साक्षात्कार में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर होगा।

समूह-चर्चा / व्यक्तिगत साक्षात्कार में पात्रता/प्रवेश / समूह-चर्चा / व्यक्तिगत साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने का अर्थ यह नहीं है कि बैंक उम्मीदवार की पात्रता के बारे में पूर्णतया संतुष्ट है व चयन हेतु उम्मीदवार में कोई अधिकार नहीं लगेगा। बैंक, किसी भी उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में, अयोग्य पाए जाने पर / तथा / या अशुद्ध या गलत सूचना / प्रमाण पत्र / दस्तावेज प्रस्तुत करने पर या कोई अन्य तथ्यों को छुपाने पर, उम्मीदवारी को रद्द करने के लिये स्वतंत्र होगा तथा ऐसे उम्मीदवारों द्वारा प्रदत्त शुल्क को जब्त किया जाएगा। अगर नियुक्ति होती है तो ऐसे उम्मीदवार को बैंक की सेवा से तत्काल निकाला जा सकता है।

यदि आवश्यक हुआ तो बैंक के पास चयन प्रक्रिया को परिवर्तित करने / अनुपूरक चयन प्रक्रिया करने का अधिकार है। यदि कोई परिवर्तन हुआ तो उम्मीदवारों को इसकी सूचना हमारे वेबसाइट और/या ईमेल के माध्यम से पहले ही दे दी जाएगी।

9) पहचान सत्यापन :

समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिए उपस्थित होते समय उम्मीदवार पहचान सत्यापन के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र, जैसे पैन कार्ड / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / मतदाता कार्ड / फोटो युक्त बैंक पास बुक / फोटो युक्त क्रेडिट कार्ड / आधार कार्ड, प्रस्तुत करें। उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर, उसे परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध है तो उसे व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिये अनुमत नहीं किया जाएगा। छंटनी किये गये उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सभी प्रासंगिक दस्तावेजों यथा, जन्म तिथि प्रमाण, योग्यता, योग्यतोपरांत अनुभव आदि की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी है और उम्मीदवारों को इसके मूल को भी सत्यापन हेतु लाना है। अन्यथा, उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।

10) आवेदन कैसे करें :

उम्मीदवारों से अनुरोध किया जाता है कि विज्ञापन की विषयवस्तु को ध्यानपूर्वक पढ़ें व आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित करें।

- सभी आवेदकों के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होने चाहिए। पंजीकृत ई-मेल आईडी को इस भर्ती परियोजना के पूरा होने तक चालू रखना चाहिये। उम्मीदवारों को सभी संसूचनाएं केवल इसी ई-मेल आईडी पर प्रेषित की जाएंगी।

- उम्मीदवारों को केनरा बैंक के किसी भी शाखा में **या** अन्य बैंक में नेफ्ट के माध्यम से अपेक्षित शुल्क विप्रेषित करना चाहिये और किये गये भुगतान का विवरण होना चाहिये। कृपया ध्यान दें कि बिना वैध भुगतान विवरण के आवेदन रद्द हो जायेंगे।

- पद हेतु आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने के लिये हमारे बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com -> Careers -> Recruitment -> Recruitment Project-3/2016–एसएमजी स्केल IV में अर्थशास्त्री' - देखें।

- यदि आवेदन हेतु पात्र है तो वेबसाइट से शुल्क भुगतान चालान व आवेदन प्रपत्र प्रिंट करें

- भुगतान चालान में विवरण प्रविष्ट करें और उपरोक्त सूचितानुसार शुल्क भुगतान करें।

- भुगतान करने के पश्चात आवेदन प्रपत्र में आवश्यक विवरण भरें। आवेदन पर एक नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकी होनी चाहिये और उम्मीदवार द्वार प्रतिहस्ताक्षरित होनी चाहिये।

- पद हेतु पात्रता पुष्टिकृत करने के लिये आवेदन में दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न करें।

- आवेदन भरते समय उम्मीदवारों को अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिये। आवेदन में गलत/त्रुटिपूर्ण सूचना के प्रस्तुतिकरण से उम्मीदवारी अवैध हो जाएगी।

- प्रासंगिक दस्तावेज व शुल्क भुगतान चालान सहित आवेदन वाले लिफाफे को **"केनरा बैंक, भर्ती कक्ष, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, 113/1/, जीवन प्रकाश बिल्डिंग, जे सी रोड, बेंगलूर - 560002, कर्नाटक"** को प्रेषित करें ताकि वह हमें 10.03.2017 को या उससे पूर्व प्राप्त हो सके।

- अंतिम तिथि के पश्चात हमें प्राप्त आवेदनों को प्रसंस्करण हेतु विचारार्थ नहीं लिया जाएगा और प्रदत्त शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा।

सभी तरह से विधिवत भरी हुई आवेदनों को पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / कूरियर के माध्यम से केवल "केनरा बैंक में एसएमजी वेतनमान IV में 'अर्थशास्त्री' के पद हेतु आवेदन" उपरिलिखित लिफाफे में प्रेषित किया जाना चाहिये।

11) अंतिम तिथि :

दूरस्थ क्षेत्रों सहित भुगतान चालान व अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ आवेदन की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	10.03.2017

परिवहन में आवेदन/दस्तावेज के गुम हो जाने हेतु या आवेदन के प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि के अन्दर आवेदन की गैर-प्राप्ति हेतु बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

12) बुलावा पत्र :

छंटनी किए गए उम्मीदवार को ही समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा तथा उनका विवरण व समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के विवरण को बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** पर उपलब्ध कराया जाएगा। सभी संसूचनाएँ, अर्थात् समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र का डाउनलोड आदि केवल उम्मीदवार द्वारा दिये गये **पंजीकृत ई-मेल** पर ही भेजी जाएगी। बाद में किसी दूसरे ई-मेल पते पर भेजने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

किसी तकनीकी या अन्य कारणवश उम्मीदवारों को ई-मेल के द्वारा भेजे गए बुलावा पत्र /किसी संसूचना के देरी से प्राप्त होने / प्राप्त नहीं होने पर इसकी जिम्मेदारी बैंक की नहीं होगी। अत: उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने तक वे अपने आवेदन पत्र की स्थिति जानने के लिये भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर हमारे बैंक की वेबसाइट तथा पंजीकृत ई-मेल को देखते रहें।

13) कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के खिलाफ कार्रवाई :

उम्मीदवार को आवेदन पंजीकृत करते समय और प्रमाणित प्रतियां / प्रमाणक प्रस्तुत करते समय ऐसा कोई विवरण नहीं देना चाहिए जो झूठा, रद्दोबदल किया हुआ, कृत्रिम या कोई तत्थात्मक जानकारी रहित हो।

समूह चर्चा / साक्षात्कार / चयन प्रक्रिया के दौरान यदि किसी उम्मीदवार के निम्नवत दोषी पाये जाने पर, जैसे; परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके अपनाना; या स्वयं छद्मरूप धारण करना या किसी अन्य व्यक्ति से छद्मरूप का सहारा लेना; या समूह चर्चा / साक्षात्कार भवन में दुर्व्यवहार करना या भवन से कोई दस्तावेज बाहर ले जाना; या चयन के लिये अपना / अपनी उम्मीदवारी हेतु अन्य अनुचित या अनियमित तरीके अपनाना; या अन्य किसी प्रकार से उसकी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त करना आदि, ऐसे उम्मीदवारों खिलाफ आपराधिक कार्रवाई किए जाने के लिए उन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। समूह चर्चा / साक्षात्कार / चयन प्रक्रिया से अयोग्य ठहराया जा सकता है, जिसके लिए वह उम्मीदवार है।

14) सामान्य अनुदेश :

- उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट में उपलब्ध आवेदन प्रपत्र के माध्यम आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा।

- परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिए प्रवेश / बुलावा पत्र उम्मीदवार की आयु / योग्यता / श्रेणी के सत्यापन के बगैर पूर्णत: अनंतिम है। परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिये महज बुलावा पत्र पा लेने का यह मतलब नहीं है कि बैंक उम्मीदवार की योग्यता से संतुष्ट है। आवेदन देने से पहले / समूह चर्चा / साक्षात्कार में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपनी योग्यता सुनिश्चित करें। अयोग्य उम्मीदवारों के आवेदन किसी भी चरण से नामंजूर करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है तथा अयोग्य आवेदकों द्वारा भुगतान की गई शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

- आवेदन को वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा एक बार भुगतान किये जाने के उपरांत किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और न ही शुल्क को भविष्य में होने वाली परीक्षा / चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

- किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों को नामंजूर कर दिया जाएगा तथा भरे गए शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों / समर्थन दस्तावेजों के बिना आवेदनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

- उम्मीदवारों की पात्रता, वे चरण जिनके अतर्गत उम्मीदवार की पात्रता की जांच की जानी है, समूह चर्चा व साक्षात्कार के आयोजन के उद्देश्य से प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों तथा चयन और भर्ती से संबंधित किसी अन्य मामले सहित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्य होगा। इसके अलावा बैंक के पास अपने विवेकानुसार भर्ती प्रक्रिया को आंशिक / पूर्ण रूप से रद्द / रोकने का अधिकार सुरक्षित है, जो कि अंतिम माना जाएगा तथा उम्मीदवार पर बाध्य होगा।

- बैंक अपने विवेक से, जहाँ कहीं ज़रूरी हो, पुन: समूह चर्चा / पुन: साक्षात्कार आयोजित कर सकता है।

- केन्द्र / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा, जिसकी अनुपस्थिति में उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

- प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी शामिल करें:

- ❖ शुल्क भुगतान चालान

- ❖ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की प्रति:

  - ➢ जन्म तिथि प्रमाणपत्र (जन्म तिथि प्रमाणपत्र / 10वीं / एसएससी/एसएलसी प्रमाणपत्र जिसमें उम्मीदवार का जन्म तिथि उल्लिखित हो) ;
  - ➢ शैक्षणिक योग्यता यथा, एसएसएलसी, स्नातक डिग्री, स्नातकोत्तर डिग्री, व्यावसायिक योग्यता, अनुसंधान आदि के समर्थन में मार्कशीट (वर्ष-वार / सेमेस्टर-वार) और प्रमाणपत्र ;
  - ➢ पिछले, वर्तमान नियोक्ता से पदनाम / नौकरी प्रोफाइल, सेवा की अवधि (विशिष्ट तिथियों के साथ) निर्दिष्ट करते हुए योग्यतोपरांत कार्य अनुभव प्रमाण पत्र ;
  - ➢ अ.जा./ अ.ज.जा./अ.पि.व. / नि:शक्त व्यक्ति श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है ।
  - ➢ कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज

- चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, उम्मीदवार को बैंक द्वारा उसकी अपेक्षानुसार स्वास्थ्य की दृष्टि से योग्य घोषित किए जाने तथा अभिनिर्णायकों / पुलिस प्राधिकारियों से संतोषजनक रिपोर्ट की प्राप्ति के के अधीन होगी ।

- 'अर्थशास्त्री' के पद हेतु चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की सेवा व आचरण संहिता नियम के अधीन है ।

- बैंक ऐसे किसी आवेदन-पत्र के नामंजूर होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा जो कि किसी अनधिकृत व्यक्ति / संस्थान द्वारा जारी किसी विज्ञापन में दी गयी गलत सूचनाओं पर आधारित हो ।

- अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भी संस्करण में व्याख्या को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होने पर अंग्रेजी प्रारूप को वैध माना जाएगा ।

- चयन प्रक्रिया के दौरान समूह चर्चा / साक्षात्कार हॉल में किसी भी उम्मीदवार को मोबाइल फोन, पेजर या अन्य कोई उपकरण के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

- इस संबंध में बैंक द्वारा किसी तरह के पत्र-व्यवहार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

- इस विज्ञापन के कारण उत्पन्न किसी भी विवाद का निपटारा पूर्णत: बेंगलूर स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में होगा ।

- किसी भी तरह की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।

उम्मीदवारों को उनके अपने हित में ही सूचित किया जाता है कि पदों के लिये उल्लिखित अंतिम तारीख से पहले अपना आवेदन प्रस्तुत करें । बैंक, आवेदन की प्राप्ति में देरी या डाक में खो जाना, ऐसी किसी भी बात की जिम्मेदारी नहीं लेता है ।

दिनांक : 15.02.2017

स्थान : बेंगलूर

महा प्रबंधक